## 134 युवाओं को मंत्री ने नियुक्ति पत्र सौंपे



▶ रुद्र पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के रुद्र पैलेस में शुक्रवार को आयोजित रोजगार मेला कार्यक्रम युवाओं के लिए खास अवसर बनकर सामने आया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के नव-नियुक्त अभ्यर्थियों को संबोधित किया। इस दौरान विभिन्न सरकारी विभागों एवं संस्थानों में चयनित 51 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

रतलाम में आयोजित कार्यक्रम में कुल 134 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जिनमें 107 अभ्यर्थी रेलवे विभाग से संबंधित थे। इसके अलावा भारतीय डाक विभाग, आईआईटी इंदौर, केंद्रीय बैंकों तथा अन्य सरकारी विभागों एवं सार्वजनिक उपक्रमों में चयनित युवाओं को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने मध्य प्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप तथा पद्मश्री लीला जोशी की उपस्थिति में अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

रोजगार मेला प्रधानमंत्री की रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की पहल का हिस्सा है। चयनित अभ्यर्थी टेक्नीशियन, सहायक लोको पायलट, बैंक पीओ, पाइंट्समैन और डाक सेवक जैसे विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं देंगे। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक रतलाम अश्वनी कुमार सहित रेलवे, डाक विभाग, बैंक एवं आईआईटी इंदौर के अधिकारी मौजूद रहे।



## निगरानी का असर : 8 स्वयं सहायता समूहों के अनुबंध समाप्त, 6 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवा खत्म

▶ जिले में निरीक्षण बढ़ने से सुधरी व्यवस्थाएं, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशन में पिछले तीन माह से जिलेभर के आंगनवाड़ी केंद्रों का लगातार आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधोलिया सहित जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा किए जा रहे निरीक्षणों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।

27 फरवरी 2026 को हुए प्रारंभिक निरीक्षण में जिले के 96 स्वयं सहायता समूह निर्धारित मेन्यू के अनुसार नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध नहीं करा रहे थे। लगातार निगरानी और कार्रवाई के बाद यह संख्या घटकर अब 33 रह गई है। जिन समूहों के विरुद्ध लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं, ऐसे 8 स्वयं सहायता समूहों के अनुबंध समाप्त कर दिए गए हैं। मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध नहीं कराने वाले स्वयं सहायता समूहों को मार्च माह में 102 तथा अप्रैल माह में 96 कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए। साथ ही संबंधित समूहों की भुगतान राशि में कटौती भी की गई। विभाग द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने वाली 6 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवाएं समाप्त की गई हैं। इसके अलावा मार्च माह में 289 तथा अप्रैल माह में 123 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में कटौती की गई।

निरीक्षण व्यवस्था के तहत मार्च में 216, अप्रैल में 235 तथा मई माह में अब तक 176 आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जा चुका है। अधिकारियों का कहना है कि नियमित निरीक्षण के कारण केंद्र संचालन में सुधार आया है तथा बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

## घर जाने के रास्ते को लेकर विवाद, मारपीट का मामला दर्ज

**रतलाम।** बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम केलुखेड़ा में घर के रास्ते को लेकर हुए विवाद में गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार फरियादी बद्रीलाल मालवीय ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 मई 2026 की रात करीब 11 बजे गांव में रास्ते के विवाद को लेकर आरोपी रमेश मालवीय एवं गोपाल मालवीय ने उसके साथ अश्लील गाली-गलौज की तथा मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में बरखेड़ा थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना उप निरीक्षक आर सी भम्भोरिया द्वारा की जा रही है।

## कार्यक्रम में जाने की बात पर विवाद, तीन पर प्रकरण

**रतलाम/आलोट।** आलोट थाना क्षेत्र के ग्राम विक्रमगढ़ में एक कार्यक्रम में जाने की बात को लेकर विवाद हो गया।

विवाद इतना बढ़ा कि गाली-गलौज के बाद मारपीट की घटना हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार फरियादी मोहनलाल माली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार की दोपहर करीब 2.30 बजे दिनेश धोबी के खेत पर आरोपी प्रकाश फरासिया, अंकित फरासिया एवं निकित फरासिया ने कार्यक्रम में जाने की बात को लेकर उसके साथ गाली-गलौज की तथा मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

मामले में आलोट थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 257/26 के तहत धारा 115(2), 296(बी), 351(2), 3(5) बीएनएस एवं पूर्व भादवि की धारा 323, 294, 506, 34 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना प्रधान आरक्षक अमित भावसार द्वारा की जा रही है।

## मकान निर्माण विवाद में समझाने पहुंचे लोगों से मारपीट

**रतलाम/नामली।** जिले के नामली थाना क्षेत्र के ग्राम भदवासा में मकान निर्माण को लेकर विवाद हो गया। चल रहे विवाद में समझाने पहुंचे लोगों के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार फरियादी भंवरलाल बागरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार की रात करीब 9 से 9.30 बजे के बीच मकान बनाने के विवाद में समझाने जाने की बात को लेकर आरोपी राहुल बागरी एवं लालाबाई बागरी ने फरियादी एवं पीड़िता के साथ अश्लील गाली-गलौज की तथा मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

मामले में नामली थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 201/2026 के तहत धारा 296(ए), 115(2), 351(3) एवं 3(5) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच प्रधान आरक्षक नवीन कुमार पटेल द्वारा की जा रही है।

### एक नजर में

## वर्षाकाल पूर्व तैयारियों को लेकर बाढ़ नियंत्रण और आपदा प्रबंधन संबंधी बैठक 26 को

**रतलाम।** वर्षाकाल पूर्व तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन संबंधी बैठक का आयोजन 26 मई मंगलवार को सायं 4 बजे कलेक्टर सभागृह में किया जाएगा। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को विभागीय जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में खुली बावड़ियों एवं कुओं की सूची, जर्जर भवनों की जानकारी, विगत वर्षों के सर्पदंश प्रकरणों की तहसीलवार जानकारी, जिला स्तरीय कॉल सेंटर एवं कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के एक्टीवेशन, लंबित निर्माण कार्यों की विभागवार स्थिति, मॉक ड्रिल एवं पूर्व अभ्यास, पिछले वर्ष वर्षाकाल में हुई घटनाओं तथा उपलब्ध औषधियों,एंटीवेनम स्टॉक की समीक्षा होगी।

## 31 को मनाया जाएगा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

**रतलाम।** उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संध्या शर्मा ने बताया कि मद्यपान तथा मादक पदार्थो, नशीली दवाईयों, शराब से होने वाले दुष्टपरिणाम से समाज, युवाओं को अवगत कराने, नशामुक्ति के लिये जनजागृति कार्यक्रमों का आयोजन 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज, युवाओं एवं बच्चों को तम्बाकू के उत्पादों से सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाव के लिये जनजागृति लाना है । वर्ष 2026 के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम "आर्कषण का पर्दाफाश: निकोटीन और तम्बाकू की लत का मुकाबला" (अनमास्किंग द अपील - काउंटरिंग निकोटीन एंड टोबैको एडिक्शन) पर आधारित विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

## स्वाईल हैल्थ कार्ड से किसानों को मिल रही संतुलित पोषण की जानकारी

**रतलाम।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास आर के सिंह ने बताया कि रतलाम जिले को शासन स्तर से वर्ष 2026-27 हेतु 6615 मिट्टी नमूनों के परीक्षण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके विरुद्ध अब तक 3650 नमूने एकत्रित किए जा चुके हैं। विकासखंड स्तर पर स्थित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं, मंडी रतलाम एवं युवा उद्यमी संस्थाओं द्वारा मिट्टी परीक्षण कर किसानों को फसल की आवश्यकता अनुसार संतुलित पोषक तत्वों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही किसानों को नि:शुल्क स्वाईल हैल्थ कार्ड भी प्रदान किए जा रहे हैं। स्वाईल हैल्थ कार्ड में मिटटी को स्वस्थ एवं उर्वर बनाये रखने हेतु निम्न कार्यो को खरीफ के पूर्व किये जाने की मिटटी परीक्षण प्रयोगशालाओं /युवा उद्यमी संस्थाओं द्वारा अनुशंसाएं दी जा रही हैं ,मुख्य फसल से पहले हरी खाद या मल्टीवेरिएट क्रॉपिंग अपनाकर मिट्टी में प्राकृतिक बायोमास बढ़ाएं।

## दुर्गा वाहिनी के शौर्य संचलन से गूंजा जावरा, बालिकाओं ने दिखाए आत्मरक्षा के करतब-

**जावरा।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) दुर्गा वाहिनी (मालवा प्रांत) के तत्वावधान में स्थानीय फोनिक्स इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे 8 दिवसीय आवासीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का शौर्य संचलन के साथ समापन हुआ। समापन सत्र के बाद गीता भवन से शौर्य संचलन शुरू हुआ। इसमें घोष की थाप पर कदमताल करती हुई 400 से अधिक प्रशिक्षित बालिकाओं ने हिस्सा लिया, जिनका नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया। 8 दिनों तक चले इस शिविर में बालिकाओं को बिना हथियार के लड़ना (जूडो-कराटे), लाठी चलाना (दंड संचालन), निशानेबाजी और साहसिक खेलों का प्रशिक्षण देकर शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दुर्गा वाहिनी की राष्ट्रीय सहसंयोजिका पिंकी पवार ने कहा कि इस वर्ग का मुख्य उद्देश्य युवतियों में आत्मबल, साहस और संस्कारों का बीजारोपण करना है। मंच पर विहिप प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. मालासिंह ठाकुर, प्रांत मंत्री विनोद शर्मा, ज्योति प्रिया शर्मा और अर्पिता सिकरवार उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विहिप जिला अध्यक्ष मधुसूदन पाटीदार, जिला मंत्री तूफान सिंह यादव, संदीप राठौर, विकास सोनी, मंगल गिर, सुनील पाठक, ज्ञानसिंह ठाकुर, राजेश पांचाल, आदित्य धारीवाल, राम पाटीदार, महेंद्र सिंह, शिवम गहलोत, सुनील कैतवास ओम सरगरा, कमल धाकड़, बड़ावदा प्रखंड से धीरज अंजना, विपुल अंजना, सहित आलोट प्रखंड से शंभूलाल चौधरी एवं बड़ी संख्या में विहिप और मातृशक्ति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## गो तस्करी- हत्या रोकने की मांग, विहिप-बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

▶ मालवा प्रांत के आह्वान पर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** बकरी ईद के अवसर पर संभावित गो तस्करी एवं गौ हत्या की घटनाओं पर रोक लगाने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर बुधवार को विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल गौ रक्षा विभाग द्वारा नवीन कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राजस्व अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

यह कार्यक्रम विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल गौ रक्षा विभाग के आह्वान पर पूरे मालवा प्रांत में आयोजित किया गया। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई कि त्योहार के दौरान गोवंश की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद मालवा प्रांत गौ रक्षा प्रमुख जगदीश धाकड़, जिला अध्यक्ष राधेश्याम रावल, जिला संयोजक मुकेश व्यास, जिला मंत्री गौरव शर्मा, बजरंग दल जिला गौरक्षा प्रमुख दीपक प्रजापत, सह गौरक्षा प्रमुख गजेंद्र शक्तावत सहित संपूर्ण जिला टोली, विभिन्न प्रखंडों के दायित्ववान पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी विश्व हिन्दू परिषद सह प्रचार-प्रसार प्रमुख रिक्की सेन द्वारा दी गई।



## शिविर लगाकर बंटवारा, नामांतरण और सीमांकन के मामलों का किया जा रहा त्वरित निराकरण

▶ जिलेभर में चल रहा है विशेष अभियान

**रतलाम।** मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देशानुसार रतलाम जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत 30 मार्च 2026 तक दर्ज बंटवारा, नामांतरण एवं सीमांकन के लंबित मामलों का निराकरण 31 मई 2026 तक किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व अधिकारियों को समयसीमा में प्रकरणों का निराकरण कर हितग्राहियों को संशोधित दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। इसी क्रम में जिले के राजस्व न्यायालयों में प्रत्येक शनिवार विशेष शिविर आयोजित कर लंबित मामलों का निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिले में राजस्व अधिकारियों द्वारा शिविर आयोजित किए गए, जिनमें लोक सेवा गारंटी अधिनियम एवं ई-गवर्नेंस के अंतर्गत राजस्व प्रकरणों का ऑनलाइन त्वरित निराकरण किया गया। शिविरों में हितग्राहियों को मौके पर ही संशोधित दस्तावेज भी उपलब्ध कराए गए।



## आचार्यदेव विजय नित्यसेन सूरीश्वरजी मसा आदि ठाणा का भव्य मंगल प्रवेश

**रतलाम।** दादा गुरुदेव श्रीमद विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी म.सा. की पाट परंपरा के पुण्य सम्राट श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी म.सा. के शिष्य, गच्छाधिपति आचार्यदेव श्रीमद् विजय नित्यसेन सूरीश्वरजी म.सा आदि ठाणा- का शुक्रवार को रतलाम में भव्य मंगल प्रवेश हुआ।

मंगल प्रवेश का जुलूस लोकेन्द्र टॉकिज से प्रारम्भ हुआ और नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ मोहन टॉकिज पहुंचकर धर्मसभा के रूप में परिवर्तित हो गया। मंगल प्रवेश पर पूज्य गुरुदेव की अगवानी संघ संरक्षक एवं कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, महापौर प्रहलाद पटेल, आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, श्री संघ अध्यक्ष सुशील छाजेड़, विभिन्न श्री संघ के अध्यक्षों एवं समाजजन ने की। मोहन टॉकिज में आयोजित धर्मसभा का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। पूज्य गुरुदेव ने मंगलाचरण वाचन कर मंगल आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि संघ एकता मे ही संगठन की शक्ति है। मुख्य अतिथि संघ संरक्षक एवं कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि समाज संतों की कृपा से ही फलीभूत होते है। जीवन मे धर्म गुरु का होना सत्य का पथ प्रदर्शक है। धर्म सभा से पूर्व निकले भव्य वरघोड़े में बग्गी में दादा गुरुदेव राजेंद्रसूरी व पुण्य सम्राट जयंतसेन सूरी के चित्र के साथ महिला परिषद कलश लिए व बहु परिषद अष्ट मंगल मस्तक पर धारण कर शामिल हुए। यह जानकारी श्री संघ के राजकमल ने दी।

## सुनार बावड़ी में विवाद के बाद हंगामा

**रतलाम।** शहर के सुनार बावड़ी क्षेत्र में गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो युवकों ने एक बुजुर्ग के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार फरियादी रामचंद्र कसेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार की रात करीब 9.30 बजे उसके घर के सामने आरोपी संदीप उर्फ छोटू कसेरा एवं केशव कसेरा ने मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए उसके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में माणकचौक थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पुरुषोत्तम मास में कथा श्रवण का विशेष महत्व : पं . शर्मा

**नामली।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित धार्मिक भागवत कथा महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा श्रवण किया।

कथा वाचक पंडित विनोद शर्मा भदवासा वाले ने बताया कि पुरुषोत्तम मास भगवान विष्णु को समर्पित विशेष मास माना जाता है और इस दौरान कथा, भजन, जप, तप एवं दान-पुण्य का विशेष महत्व है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति एवं सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई। वही कथा प्रवक्ता पंडित शर्मा ने पुरुषोत्तम मास का महत्व बताते हुए कहा कि पुरुषोत्तम मास में श्रीमद्भागवत, रामायण एवं अन्य धार्मिक ग्रंथों की कथा सुनने से मन को शांति प्राप्त होती है तथा व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं।अंत में श्री हृदयेश्वर महादेव समिति के सदस्यों ने कथा प्रवक्ता पंडित शर्मा का ओर कथा आयोजक नरेन्द्र नागदिया, प्रकाश परमार का विशेष स्वागत किया ओर व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया



## ऑपरेशन क्लीन : पॉक्सो एक्ट में फरार आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

**रतलाम।** जिले में फरार एवं वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन क्लीन' अभियान के तहत नामली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नाबालिग अपहरण एवं पॉक्सो एक्ट प्रकरण में 10 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित फरार आरोपी को पुलिस ने पंजाब से गिरफ्तार किया है।

नामली थाना प्रभारी अमित कुमार कोरी के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार 9 सितंबर 2018 को थाना नामली क्षेत्र में नाबालिग बालिका के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मामले में अपराध क्रमांक 211/2018 धारा 363 भादवि के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने नाबालिग बालिका को आरोपी सुखविंदरसिंह उर्फ मनदीपसिंह पिता बुटासिंह उर्फ मलखनसिंह सिख निवासी जिला लुधियाना, पंजाब के कब्जे से दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट रतलाम में हुई, जहां आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। न्यायालयीन प्रक्रिया के दौरान आरोपी उच्च न्यायालय इंदौर से जमानत मिलने के बाद पंजाब चला गया था और लंबे समय से फरार चल रहा था। नामली पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण एवं सतत पतारसी के आधार पर आरोपी को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक मुकेश, प्रधान आरक्षक दिलीप रावत, आरक्षक विपुल भावसार, तुषार सिसोदिया एवं राहुल पाटीदार की सराहनीय भूमिका रही।

## 6 .22 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**जावरा।** नगर पालिका परिषद जावरा द्वारा शहर में चलाए जा रहे विकास कार्यों के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए वार्ड क्रमांक 15 (महावीर कॉलोनी) में दो महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती अनम मोहम्मद युसुफ कडपा के मुख्य आतिथ्य में इन कार्यों का विधि-विधान से शुभारंभ हुआ। वार्ड 15 महावीर कॉलोनी में कुल 6.22 लाख रुपये की लागत से दो प्रमुख निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्रवासियों को जलजमाव और खराब रास्तों की समस्या से मुक्ति मिलेगी। सी.सी. रोड निर्माण- जावेद भाई के घर से जाकीर भाई के घर तक (लागत 2.98 लाख),आर.सी.सी. नाली निर्माण- जावेद भाई के घर से जाकीर भाई के घर तक (लागत 3.24 लाख) रहेगी।

### एक नजर में ▶ नगर पालिका परिषद का विशेष सम्मेलन कल,11 प्रस्तावों पर होगा विचार-विमर्श

## शहर के कई प्रमुख मार्गों और सर्कलों के बदलेंगे नाम, बैठक में लगेगी मुहर

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** नगर पालिका परिषद जावरा की एक विशेष सम्मेलन बैठक कल 25 मई को आयोजित होने जा रही है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी केसी.एस. सोनिस, द्वारा जारी की गई एजेंडा सूची के अनुसार, इस बैठक में शहर के विकास, वित्तीय स्वीकृतियों और विभिन्न मार्गों के नामकरण से जुड़े कुल 11 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिया जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से निम्नलिखित एजेंडों पर चर्चा की जाएगी।

बैठक में शहर के कई प्रमुख मार्गों और सर्कलों के नाम बदलने के प्रस्ताव रखे जाएंगे। वार्ड क्रमांक 27 मलवासीपुरा मार्ग का नाम बदलकर द्वाराकापुरी मार्ग रखने का प्रस्ताव है। पहाडिया चौराहे से नगर पालिका सीमा सरस्वती शिशु मंदिर के पास पुलिया तक के मार्ग का नाम गुरु दिवाकर कस्तूर मार्ग (मालव सिंहजी




गुरुणी कमलावती जी म.सा. के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में) रखा जाएगा। ताल नाका बस स्टैंड से एस्सार पेट्रोल पंप तक के मार्ग का नाम हुसैन टेकरी शरीफ मार्ग करने पर विचार होगा। हाथीखाना पुलिया से मोहन किराना के इस मार्ग का नाम कुंवर भारतसिंह मार्ग रखने का प्रस्ताव है। रावण दरवाजा से पुराना दशहरा मैदान के इस मार्ग तक के सर्कल (चौराहे) का नाम गीता भवन चौराहा रखने की तैयारी है।

**वित्तीय स्वीकृतियाँ और मशीनरी खरीदी पर विचार:** नगर पालिका अध्यक्षा अनम मोहम्मद युसुफ कडपा की अध्यक्षा में बैक हो लोडर विथ एक्सकेवेटर (जेसीबी) मशीन क्रय करने के लिए प्राप्त न्यूनतम दरों पर अंतिम विचार और विमर्श किया जाएगा। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ठेके पर रखे गए 35 चालकों के कार्य पर हुए 20 लाख रुपये के व्यय की कार्योत्तर स्वीकृति दी जाएगी। साथ ही, आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भी 35 चालकों को ठेके पर रखने हेतु अतिरिक्त 20 लाख रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति का प्रस्ताव शामिल है।

**नामांतरण सूची का कर सकेंगे अवलोकन:** मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, भवन, भूमि एवं निकाय स्वामित्व की दुकानों के नामांतरण से जुड़े प्रकरणों की सूची संलग्न कर दी गई है। परिषद की बैठक से तीन दिन पूर्व कार्यालयीन समय में कोई भी संबंधित व्यक्ति नामांतरण शाखा में उपस्थित होकर इन प्रकरणों का अवलोकन कर सकता है।

### ▶ अविकसित कॉलोनियों में नामांतरण और अमृत 2 .0 योजना पर विचार

शहर की अविकसित कॉलोनियों के रहवासियों द्वारा नामांतरण न होने की शिकायतों को दूर करने के लिए परिषद नई नीति पर विचार करेगी। पूर्व परिषदों की तरह आवेदकों से मूलभूत सुविधाओं की मांग न करने का शपथ पत्र लेकर आगामी परिषद में नामांतरण शुरू करने पर चर्चा होगी। इन अविकसित कॉलोनियों में भवन या भूमि का नामांतरण होने के बाद, अमृत 2 .0 योजना के अंतर्गत पाइप लाइन डालने पर भी विशेष विचार किया जाएगा।